महत्वपूर्ण एवं खास

आर्थिक तंगी से परेशान युवक ने की खुदकशी

न्याय/साक्षी रायगढ़। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आने वाले रामभांटा स्थित पुराना बस डिपो के पास प्रतिष्ठा बिल्डिंग के छठवें माले पर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की जानकारी के अनुसार युवक का नाम अनूप केडिया उम्र 30 वर्ष का है। व साल भर पहले ही उसका विवाह हुआ था व विवाह होने के पश्चात प्रतिष्ठा बिल्डिंग में किराए में निवास कर रहा था। आज उसने किसी अपरिहार्य कारणों से छटवे माले के निर्माणधीन कमरे में फंसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अनूप ने सोसाईड करने के पहले पत्र भी लिखा। पत्र में लिखा है कि किसी प्राइवेट बैंक से उसने लोन लिया था जिसको चुकाने में विफल हो गया था, इसलिए आत्महत्या करने जा रहा हूं। मौके पर नए सीएसपी अविनाश ठाकुर, कोतवाली टीआई ध्रुव मार्कण्डेय के साथ फोरेंसिक टीम व पुलिस टीम मौके पर पहुचकर पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। व पुलिस जांच में जुट गई है।

युवक द्वारा जहर सेवन कर आत्महत्या की कोशिश, गंभीर

न्याय साक्षी/रायगढ़। चक्रधर नगर थाना के तिलगा भगोरा गांव का 22 वर्षीय युवक द्वारा जहर सेवन का मामला सामने आया है। फिलहाल युवक को ईलाज के लिए मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। घटना के बारे में बताया गया कि अजय चौहान पिता तरूण चौहान तिलगा भगोरा गांव का रहनेवाला था। जो पटेलपाली में रिश्ते में लगनेवाली 19 वर्षीय युवती के साथ प्रेम संबंध था, परिवार के बीच नजदीकी रिश्ता होने के कारण इस बात का भी डर था कि लोग इस रिश्ते को सही नहीं मानेंगे। ऐसे में बुधवार शाम को युवक ने अपने गांव में ही कीटनाशक दवा का सेवन कर आत्महत्या की कोशिश कर डाली। युवक के दोस्तों ने इसकी जानकारी परिवार के लोगों को दी। जिसके बाद उसे रायगढ़ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। युवती से घायल युवक के प्रेम को इस बात से ही समझा जा सकता है कि उसने अपने हाथों पर फिल्मी स्टाईल में ब्लेड से उसका नाम तक लिखा हुआ है। जिसको लेकर युवक के पिता ने बताया कि उन्हें इसके बारे में कोई जानकारी नहीं थी।

शराब के बहाने दोस्तों ने पिला दिया जहर, अस्पताल में भर्ती

न्याय साक्षी/रायगढ़। शराब पीने के बहाने दोस्तों ने धोखे से 45 साल के एक व्यक्ति को जहर पिला दिया और इसके बाद उसे बेहोशी की हालत में छोड़ कर भाग गए। घायल को फिलहाल ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला पुसौर थाना क्षेत्र का है, जहां रहनेवाले सुशील गुप्ता पिता वेद व्यास गुप्ता 45 साल का फ ब्रीकेशन का कारोबार है। दो दिन पहले मंगलवार को उसके कुछ दोस्त उसके दुकान पर आए और शराब का दौर शुरू हो गया। इसी दौरान दोस्तों ने धोखे से सुशीला गुप्ता के गिलास में जहर को भी मिला दिया। जिसे पीने के बाद उनकी हालत खराब होने लगी। वहीं सभी दोस्त वहां से भाग गए। बाद में परिजनों को इसकी जानकारी होने के बाद पुसौर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर होने के कारण उन्हें रायगढ़ रेफर कर दिया गया।

अविनाश सिंह ठाकुर ने लिया नगर पुलिस अधीक्षक का चार्ज

न्याय साक्षी/ रायगढ़। राज्य पुलिस सेवा के 2013 बैच के उप पुलिस अधीक्षक अविनाश सिंह ठाकुर द्वारा आज दिनांक 28.02.19 के अपरान्ह नगर पुलिस अधीक्षक का पदभार लिया गया । छत्तीसगढ़ शासन, गृह (पुलिस) विभाग, मंत्रालय महानदी भगन अटल नया रायपुर द्वारा दिनांक 20.02.19 को 45 भारतीय पुलिस सेवा/राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों के स्थानांतरण आदेश के अनुसार अविनाश सिंह ठाकुर का स्थानांतरण एस.डी.ओ.पी. वाड्रफनगर से नगर पुलिस अधीक्षक रायगढ़ के पद पर स्थानांतरण किया गया है , जिसके परिपालन में आज दिनांक 28.02.19 को ठाकुर द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक का चार्ज लिया गया है ।

अविनाश सिंह ठाकुर मूलतः जिला मुंगेली के रहने वाले हैं, ठाकुर रायपुर में रहकर एम0ए0 तक की शिक्षा ली है । वर्ष 2013 में पी0एस0सी0 के तहत इनका चयन उप पुलिस अधीक्षक के पद पर हुआ । अपने परीवीक्षाधीन अवधि दौरान अविनाश सिंह पडोसी जिले जांजगीर-चाम्पा के थाना शिवरीनारायण एवं जैजेपुर में थाना प्रभारी का कार्य किये हैं तथा परवीक्षाधीन अवधि में एस.डी.ओ.पी. डभरा का कार्य भी कर चुके हैं । इसके पूर्व ठाकुर वर्ष 2016 से जिला बलरामपुर में एस.डी.ओ.पी. वाड्रफनगर के पद पर कार्यरत थे।

खरसिया की 6 फर्मो ने की सात करोड़ तीस लाख की आय घोषित?

न्याय साक्षी/ रायगढ़। 6 फर्मों में कल हुयी आयकर की दबिश के बाद आज सात करोड़ तीस हजार रुपये की आय सरेंडर की गयी कल आयकर विभाग ने अचानक चार ज्वेलर्स व दो कपड़ा व्यपारियों को टारगेट किया था लगभग 25 अधिकारियों की टीम ने इन सभी व्यवसायी संस्थाओ की बारिकी से जांच की जिसमें कुछ लूज पेपर व अन्य लेनदेन के कागजात अधिकारियों के हाथ लगे थे जिनकी जांच के उपरांत करोड़ो के कर अपवंचन का मामला सामने आया जिसको लेकर श्याम ज्वेलर्स संदेश ज्वेलर्स दादू ज्वेलर्स व अनुराधा ज्वेलर्स ने पांच करोड़ तीस लाख व तारा रेडीमेड व प्रेमचंद विजयकुमार कपड़ा व्यवसायियों ने दो करोड़ की आय घोषित की इसके साथ ही पिछले 24 घंटे से चल रही आयकर की जांच समाप्त कर दी गयी आयकर विभाग व्दारा लगातार की जा रही छापामारी व सर्वे की कार्यवाही के कारण व्यापारियों में दहशत व्याप्त हैं ।विदित हैं की यह छापामारी आयकर अधिकारी जितेंद्र कुमार सिंग के नेतृत्व में की गयी थी ।

श्री पंचमुखी मंदिर में महा-शिवरात्रि महोत्सव 4 मार्च को

न्याय साक्षी/रायगढ़। कालो के काल महाकाल भगवान भोलेनाथ जी का महाशिवरात्रि महोत्सव आगामी दिनांक 4 मार्च दिन सोमवार को बड़ी धूमधाम एवं श्रद्धा पूर्वक,हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा।

इस विषय में जानकारी देते हुए रायगढ़ शहर के प्रमुख धार्मिक एवं सामाजिक आस्था का केंद्र पंचमुखी हनुमान-साईं दरबार एवं सिद्ध पिप्लाक्षय महादेव मंदिर बूजी भवन चौक के पंचमुखी हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार केशरवानी ने बताया कि इस कलुयग मे यदि कोई देव भक्ति की आराधना का फल जल्द देते हैं तो वे हैं देवों के देव भगवान त्रिनेत्र धारी, भोल भंडारी शिव शंकर जो कि आपने भक्तों के कल्याण के लिए थोड़े से ही पूजा अर्चना करने से प्रसन्न हो जाते हैं और ये इसवर्ष बहुत बड़ा संयोग है कि महाशिवरात्रि का पर्व सोमवार के दिन पड़ रहा है जो कि।भगवान शिव का प्रिय दिन है, इस दिन जो भी भक्त सच्चे मन से,पूरे विधि विधान से भगवान शिव का रुद्राभिषेक,जल से,दूध से,शक्कर से,घी से,गन्ने के रस से,सरसों के तेल से, करता है वी अपनी मनोवांछित फल प्राप्त कर सकता है। इस वर्ष महाशिवरात्रि पर्व के दिन नक्षत्रों का भी गजब संयोग बन रहा है जो कि 700 वर्षों के बाद बना है। दिनांक 4 मार्च को मंदिर के पट सुबह 6:30 बजे खुलकर दूसरे दिन ही बंद होंगे।प्रातः काल भगवान शिव जी की महा आरती प्रातः 7 बजे एवँ संकट मोचन हनुमानजी की आरती 7:10 पर होगा एवं सदुरु साई नाथ महाराज की मंगल आरती नये वस्त्र धारण कर प्रातः 8 बजे की जावेगी।

अवैध कालोनी को लेकर एस.डी.ओ ने सुल्तानियां बंधुओ को किया नोटिस जारी?

न्यायसाक्षी/रायगढ़। शहर में अवैध कालोनियो की बाड़ आयी हुयी हैं टाउन कंट्री प्लानिंग के अधिकारियों से सांठगाठ कर कलानोइजर करोड़ो रुपये की कमाई करने में लगे हैं ऐसा ही एक मामला दरोगामुड़ा में सामने आया हैं जिसमें तलाब को पाटकर अवै?ध रुप से कालोनी निर्माण कर दी गयी हैं अब एस. डी.ओ रायगढ़ इसके लिये कालोनी के मालिको से जवाब तलब कर रहें हैं इसके लिये कलकत्ता के गिरधारी सुल्तानियां व खरसिया के सुनील सुल्तानियां को नोटिस जारी किया गया हैं जिसमें उन्हें 8 मार्च तक अपना पक्ष प्रस्तुत करना हैं नोटिस में कहा गया हैं की खसरा नम्बर 229/1, 230/1, 231, व 232/1 दरोगामुड़ा की जमीन पानी के नीचे मद में अंकित हैं जिस पर कालोनी का निर्माण कर दिया गया जिसमें गार्डन नाली व रोड़ का भी निर्माण नहीं किया गया है इसके अलावा ई डब्लू एस की भूमी में भी अनियमितता करने के आरोप लगाये गये हैं इसी तरह सुनील सुल्तानियां व्दारा आदिवासी मद की जमीन खरीद बिक्री करने व मुआवजा वसूलने की शिकायत भी की गयी हैं इसकी भी जांच एस डी ओ रायगढ़ व्दारा की जा रही हैं ।

महिला कांग्रेस द्वारा हमारा हक हमारा अधिकार कार्यक्रम आयोजित

न्याय/साक्षी रायगढ़। रायगढ़ में आज हमारा हक़ हमारा अधिकार कार्यक्रम का आयोजन रायगढ़ महिला कांग्रेस द्वारा किया गया । उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महिला कांग्रेस बिलासपुर जोन प्रभारी सीमा सोनी रही। श्रीमती सोनी ने कहा कि महिलाओ की सहभागिता ज़्यादा से ज़्यादा राजनीति में होनी चाइए ऐसा राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व दोनों की ही मनशा है । राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और महिला अध्यक्ष सुष्मिता देव लगातार महिला सुरक्षा और महिला आरक्षण बिल को पास करवाने लगातार प्रयास कर रहे है पर मोदी सरकार महिला विरोधी है और इस बिल को पास नही होने देना चाहती। जिस प्रकार रमन सिंह को सत्ता से बाहर किया है उसी प्रकार जुमलेबाज़ मोदी को भी सत्ता से बाहर करना होगा और कांग्रेस का हाथ और मजबूत करना होगा।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं मार्केटिंग कोर्ड के सदस्यों कृष्ण सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा सैद्धान्तिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूले मिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480